राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2024

स्रोत: पी.आई.बी.

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी विभाग दुग्ध हितिधारकों को प्रोत्साहति करने के उद्देश्य से हर वर्ष **राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार** प्रदान करता रहा है।

- पशुधन और डेयरी क्षेत्र में राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार **सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कारों** में से एक है।
- विभाग ने **पूर्वोत्तर क्षेत्र (NER)** राज्यों के लिये एक विशिष पुरस्कार शामिल किया है ताकि**पूर्वोत्तर क्षेत्र (NER) में डेयरी विकास गतिविधियों को प्रोत्साहति और बढ़ावा** दिया जा सके।
- यह पुरस्कार निम्नलिखित श्रेणियों में प्रदान किया जाता है:
    - **स्वदेशी मवेशी/भैंस नस्लों का पालन करने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान।**
    - सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति (DCS)/दुग्ध उत्पादक कंपनी (MPC)/डेयरी किसान उत्पादक संगठन (FPO)।
    - सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (AIT)।
- पशुपालन और डेयरी विभाग राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) के तहत वर्ष 2021 से प्रतिवर्ष **राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार** प्रदान कर रहा है।
    - देशी गोजातीय नस्लों के वैज्ञानिक तरीके से **संरक्षण एवं विकास** के उद्देश्य से **RGM की शुरुआत दिसंबर 2014** में की गई थी।

और पढ़ें: राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-gopal-ratna-award-2024